9 अगस्त, 2018, गुरुवार

# लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान आने पर किया सम्मान

प्राचार्य पवन वशिष्ट मास्टर आर्यन का सम्मान करते हुए।

पिलानी,(पंजाब केसरी): बिरला शिशु विहार के छात्र मास्टर आर्यन श्योराण ने तीसरी बार अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। अभी हाल ही में जून में हुई राष्ट्रीय स्तर पर विधि विषय की प्रवेश परीक्षा में लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट 2018 में आर्यन श्योराण ने 95.01 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर बिरला शिशु विहार का नाम रोशन किया, जिसके लिए उसको ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत हरियाणा ने विधि विषय में प्रवेश और अध्ययन के लिए 27500 प्रति वर्ष के लिए उत्कृष्ट योग्यता स्कालरशिप (आउटस्टैंडिंग मेरिट स्कालरशिप) प्रदान की है। बिरला शिशु विहार में बुधवार को मास्टर आर्यन क सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि प्राचार्य पवन वशिष्ठ थे।

**राजस्थान पत्रिका** . सीकर, गुरुवार, 09 अगस्त, 2018
patrika.com

# आर्यन ने राष्ट्रीय स्तर पर फहराया परचम

*पिलानी. विद्यार्थी का सम्मान करते प्राचार्य।*

**पिलानी.** बिरला शिशु विहार स्कूल के विद्यार्थी आर्यन श्योराण ने अखिल भारतीय लॉ स्कूल प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आर्यन की स उपलब्धि पर बुधवार को विद्यालय में आर्यन का सम्मान किया गया।

विद्यालय प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने आर्यन श्योराण को सम्मानित किया। गौरतलब है कि जून माह में लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया गया था।

हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में आर्यन ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आर्यन का चयन प्रतिवर्ष दो लाख 75 हजार रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति के लिए भी किया गया है।